## एक नजर

### बिजली बिल में 31 जनवरी तक मिलेगा छूट का लाभ

**नर्मदापुरम** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी 2026 कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

### राजपूत समाज भवन के लिए 5 लाख रुपये सहयोग राशि दी

**सिवनी मालवा.** भाटी परिवार के काकोसा होकम ठाकुर साहब मोतीसिंह भाटी (बसानियाँ) हुकुम ने राजपूत समाज को निस्वार्थ भाव से समाज कल्याण के लिए अपना योगदान दिया। उन्होंने बाबरी घांट मे मां नर्मदातट पर सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 5 लाख आर्थिक सहयोग कर भवन में लगने वाली भूमि प्रदान कर समाज की एक दीर्घकालीन आवश्यकता को पूर्ण करने का कार्य किया है। राजपूत समाज के लोगों ने कहा कि यह योगदान केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त सामाजिक आधार, एकता का केंद्र और संस्कारों का स्थल बनेगा।

# औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा नियमों की अवहेलना

## जान जोखिम में डालकर मजदूर कर रहे हैं काम, विभाग आंखें मूंदे बैठा



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 08 जनवरी,** औद्योगिक क्षेत्र इटारसी, कीरतपुर और सोनासांवरी में जितनी भी औद्योगिक इकाईयां हैं उनमें सुरक्षा मापदण्डों की अवहेलना की जा रही है. इससे आये दिन इकाईयों में हो रही घटना दुर्घटना से कर्मचारियों की मौत भी हो रही है पर उद्योग विभाग इन फैक्ट्री मालिकों पर कार्यवाही करने में संकोच करता है. बताया जाता है कि पिछले महीने कीरतपुर स्थित रिच फार्म्स एग्रो राईस मिल में एक कर्मचारी संतोष सराठे की मौत हो गई थी. वहीं दूसरा मामला खेडा स्थित राठी एग्रो मिल में एक महिला कर्मचारी की मौत ने विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिंह लगा दिया है.

सूत्र बताते हैं कि, फैक्ट्री मालिक अपने मजदूरों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाते हैं इस कारण घटना दुर्घटनाएं बढते जा रही हैं. बताया जाता है कि, फैक्ट्रियों में यदि सुरक्षा इंतजाम के व्यापक इंतजाम होते तो यह दोनो घटनाएं नहीं घटती. क्योंकि न तो फैक्ट्री संचालकों ने उन्हें सुरक्षा के उपकरण जैसे हेलमेट, बूट, दस्ताने, मास्क सीसीटीव्ही कैमरे आदि सुरक्षा उपकरण किसी भी फैक्ट्री में देखने को नहीं मिलते.

### अधिकारी नहीं देते हैं ध्यान

इकाई निर्माण होने के पूर्व सभी नियमों का पालन होना चाहिए. जिसमें सुरक्षा उपकरणों के साथ साथ उन्हें कर्मचारियों को प्रतिमाह डाक्टरों से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना चाहिए. लेकिन किसी भी फैक्ट्री में यह सुविधाएं नहीं मिलती हैं. अधिकारी अपने विभाग की तरफ से उन्हें चेम्बर में बैठे बिठाए लायसेंस दे देते हैं. नियम यह कहता है कि फैक्ट्री का यदि लायसेंस विभाग जारी करता है तो उसे ऑनलाईन वेरिफिकेशन करके जारी करना चाहिए. लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते.

**इनका कहना हैकि**

मैं अभी जांच करने के बाद ही कुछ बता पाउंगा. मेरी जानकारी में फैक्ट्री में सुरक्षा के कोई मापदंड नहीं है. सीसीटीव्ही कैमरे को चेक करने के बाद हमें जांच करने में आसानी रहेगी.

**गौरव सिंह बुंदेला, टीआई, इटारसी**

संतोष सराठे की मौत के बाद हमने फैक्ट्री संचालक पर एफआईआर दर्ज कर ली है. पीएम रिपोर्ट आ चुकी है. बताया जाता है कि फैक्ट्री में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे. इस कारण हमें एफआईआर दर्ज करनी पडी.

**संजीव सिंह पवार, थाना प्रभारी, पथरोटा**

हमारा परिवार मृतक परिवार के साथ हैं, हमसे जो भी सहयोग होगा, हम करेंगे.

**अनिल राठी, फैक्ट्री संचालक**



# कलेक्ट्रेट परिसर में लगे स्वास्थ्य शिविर में 107 कर्मचारियों का हुआ परीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/08,जनवरी,2026** कलेक्ट्रेट परिसर में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित मार्गदर्शन देना है। शिविर के शुभारंभ से पूर्व कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिविर के दौरान होने वाली समस्त गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष श्री पीयूष शर्मा, एडीएम श्री राजीव रंजन पांडे, अपर कलेक्टर श्री अनिल जैन एवं श्री बृजेंद्र रावत, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज परिहार, रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव श्री हर्षल काबरे, सभापति श्री अरुण शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. आर. महेश्वरी सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य तथा बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा पूर्व में भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य मार्गदर्शन संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि नवगठित रेड क्रॉस सोसाइटी ऊर्जावान है और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार कर रही है। सोसाइटी से जुड़े चिकित्सकों के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित कर आमजन को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# नलों में आ रहा गंदा पानी और सफाई भी नहीं हो रही



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 08 जनवरी** जिला कांग्रेस कमेटी शहर की मुलभुत सुविधाओं के लिए गुरुवार वार्ड 3 मोहनदास करमचंद गांधी वार्ड वार्ड 4 हनुमान वार्ड एवं वार्ड 6 शहीद भगत सिंह वार्ड वासियों के साथ चौपाल लगा कर चर्चा की । उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन सांई ने बताया कि वार्ड वासियों ने अनेक समस्या बताई ना तो समय पर सफाई हो रही ना ही समय पर पानी आ रहा पानी भी गंदा आ रहा है । बिजली विभाग द्वारा गरीबों से जबरदस्ती वसूली की जा रही है । मोहन सांई ने बताया कि बुधवार को जब कांग्रेस पार्टी के साथियों के साथ शहर में वार्ड वार्ड चौपाल चर्चा करने निकले और जब वार्डो में रहवासियों द्वारा उनकी समस्याओं के बारे में बताया की हरदा शहर में भी गंदा पानी नलों में आ रहा है और जब आज प्रेस के साथियों ने प्रमुखता से खबरें छापी है इसका असर देखने को आज मिला की नगर पालिका की नींद खुली है लेकिन पानी की टंकी जर्जर हो चुकी है इससे कोई भी घटना घटित हो सकती है। जिला प्रशासन से मांग है तत्काल निरीक्षण करे ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे ।

## जंगल में सहेली के भाई और 2 लड़कों ने किया गलत काम

**सिवनी मालवा 08 जनवरी** सिवनी मालवा में एक नाबालिक लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की, जो अपनी सहेली के साथ घूमने निकली थी, लड़की का आरोप है कि बुधवार को एक सहेली उसे जंगल में लेकर गई थी जहां तीन लड़के मिले इसमें से एक सहेली का भाई था आरोपियों ने पहले उसे गोलियां कचोरी में खिलाई उसके बाद तीनों ने गलत काम किया। नाबालिक आरोपी की सहेली उसे दो दिन पहले सोमवार को भी घूमाने ले गई थी तब गलत काम किया था। मामले का खुलासा तब हुआ जव बुधवार रात लड़की को प्राइवेट अस्पताल लेकर गये उसके बाद लड़की को जिला अस्पताल नर्मदापुरम लेकर गए। थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि रात करीब 3.00 बजे एक नाबालिक लड़की के मेडिकल परीक्षण की सूचना थी.

**नर्मदापुरम** युवाओं को स्वरोजगार, रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने हेतु रोजगार मेला का आयोजन रोजगार कार्यालय, के तत्वावधान में 16 जनवरी को है.

# किसानों से संवाद कर कांग्रेस यात्रा पहुंची सांवलखेड़ा

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 08 जनवरी** सिवनी मालवा में किसान जन जागरण यात्रा का प्रथम चरण का चौथा दिन की यात्रा का प्रारंभ किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी के नेतृत्व में हुआ।

चौथा दिन की यह जिला किसान कांग्रेस की किसान जनजागरण यात्रा सिवनी मालवा ब्लॉक के शिवपुर, भैसादेह, बाबरी, लोधड़ी, भांगिया, रेहड़ा, मकड़डाई के बाद डोलरिया ब्लॉक के हथनापुर, चौतलाय, धमासा, दतवासा, देहडी, सोनखेड़ी, रतवाड़ा, डोलरिया, आमुपुरा, बैराखेड़ी, सावलखेड़ा पहुंची जहां यात्रा का विश्राम हुआ। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने बताया कि यात्रा के चौथा दिन में भैसादेह में किसानों से संवाद कर शुरुआत की गई जहां स्थानीय व किसानी समस्याओं पर चर्चा हुई और ग्राम सांवलखेड़ा पहुंचकर विश्राम हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय, शिवपुर उपब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष देवड़ा, राजेश यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा, धर्मेन्द्र पटेल, किरण पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस उपस्थित थे।



# नवांकुर सखियों को बीज वितरित किये




**नवभारत न्यूज**

**बनखेडी, 08 जनवरी** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था विलेजलाइफ वेलफेयर सोसायटी बनखेडी ने ग्राम जूनावानी ढाना में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की क्षमता वृद्धि के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में समिति को दस्तावेजीकरण, नर्सरी उगाना, नवांकुर सखियों को आवंले के बीज ओर पोलीथीन वितरित किए गये। मीटिंग में विकास खंड समन्वयक सुखवती वर्मा ने उपस्थित समिति सदस्यों को मध्यप्रदेश जन अभियान की विभिन्न योजनाओं से परिचित कराते हुए समिति की सक्षमता के लिए स्वावलंबन की दिशा में काम करने की बात कही।विलेजलाइफ वेलफेयर सोसायटी बनखेडी के अध्यक्ष भागीरथ कुशवाहा ने सभी उपस्थित लोगों से ग्राम विकास के विभिन्न विषयों पर काम करने का आग्रह किया।


इस अवसर पर परामर्शदाता ज्योति बाथरे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष किशन सिंह दीवान, सचिव अनिल पाटकर, समिति के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

## रामशंकर सोनकर कांग्रेस खेल खिलाड़ी प्रकोष्ठ बने



**इटारसी.** मध्य प्रदेश कांग्रेस खेलखिलाड़ी प्रकोष्ठ में सफल कार्यकाल को देखते हुए रामशंकर सोनकर को पुन: जिलाअध्यक्ष नर्मदापुरम कांग्रेस खेलखिलाड़ी प्रकोष्ठ बनाया गया, नियुक्त होने पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जी, पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया जी, संगठन प्रभारी संजय कामले जी, प्रकोष्ठ एवं विभाग के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान, खेलखिलाड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मतीन खान जी,खेलखिलाड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा का सोनकर ने आभार माना.

# विधायक ने योजना में जिले का नाम जोड़ने लिखा पत्र



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 08 जनवरी** इटारसी के विधायक डॉ. सीता शरण शर्मा की मांग पर मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने भारत सरकार को पत्र लिखते हुए नर्मदापुरम जिले को "Smile Beggary Scheme" में जोड़ने का अनुरोध किया है। मंत्रालय, भोपाल से 23 दिसंबर 2025 को जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि नर्मदापुरम धार्मिक नगरी होने के कारण जिले में भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों की संख्या अधिक है। इसी के मद्देनज़र विधायक डॉ. सीता शरण शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को 7 जुलाई 2025 को पत्र लिखकर नर्मदापुरम जिले को योजना में शामिल किए जाने की मांग की गई थी। इसके क्रम में सामाजिक न्याय विभाग ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली को पत्र भेजकर नर्मदापुरम जिले को "Smile Beggary Scheme" में सम्मिलित करने की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है। योजना से जिले में भिक्षावृत्ति उन्मूलन, पुनर्वास एवं सामाजिक पुनर्स्थापन के प्रयासों को गति मिलने की उम्मीद है।

## प्रभारी मंत्री आज एक दिवसीय प्रवास पर

**हरदा** – प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं हरदा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग आज शुक्रवार 9 जनवरी को जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सारंग 10:30 बजे हरदा पहुँचकर कमल कुंज, भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सारंग पत्रकारवार्ता में विकसित भारत-जी राम जी - (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ) को लेकर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे.

# माहेश्वरी महाकुंभ प्रांगण में आज आयोजित होगा त्रिसर्ग कॉन्क्लेव



**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया, 08 जनवरी** जोधपुर राजस्थान में माहेश्वरी समाज के भविष्य को आकार देगा त्रिसर्ग जिसमें शामिल होगा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र से पिपरिया के युवा आयुष अजय घुरका व सागर के प्रतीक संजय माहेश्वरी का स्टार्टअप । परम्पराओं और सांस्कृतिक संवर्धन व सरंक्षण की वीर प्रसूता भूमि मारवाड़ में माहेश्वरी महाधिवेशन व ग्लोबल एक्सपो के रूप में माहेश्वरी समाज के वे सपने साकार होने जा रहे जिन्हें समाजबंधुओं ने मिलकर देखा था। नौ, दस और 11 जनवरी को जब महाकुम्भ परवान होगा तो इस मूवमेंट को पूरी दुनिया देखेगी कि माहेश्वरी समाज सिर्फ परम्पराओं में ही नहीं बल्कि नवाचार और उद्यमशीलता में भी अग्रणी है, जिसका साक्षी बनेगा स्टार्ट अप कॉन्क्लेव त्रिसर्ग जो विचार मार्गदर्शन व निवेश और क्रियान्वयन एवं प्रभाव का संगम है। त्रिसर्ग उद्यमशीलता और नए रोजगार सृजन के अवसरों के लिए स्थापित उद्यमियों व स्टार्टअप्स के लिये एक सेतु बनेगा जिसमें नियोक्ता व कैंडिडेट्स की असीमित अपर्चुनिटी मिलेगी तथा यह प्लेटफार्म नए चेहरों (युवाओं) को अपना बिजनेस स्थापित करने के साथ ही सम्पर्कों के माध्यम से सीधे नेटवर्क बनाने में मदद करेगा। पिपरिया से आयुष (सुपुत्र प्रदेश कार्यकारिणी मंडल सदस्य अजय एवं माहेश्वरी महिला संगठन प्रचार मंत्री श्रीमती अंजू घुरका) का चयन इस सूची में हुआ है। आयुष द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव पहल "Tutor-ology" (ट्यूटर ओलाजी ) की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से विदेश में रह रहे भारतीयों एवं स्थानीय छात्रों को उच्च गुणवत्ता की कोचिंग सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

आयुष स्वयं तथा अपने साथ लगभग 50 साथियों की टीम के साथ इस स्टार्ट-अप को सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं, जो वास्तव में प्रेरणादायक है। वहीं सागर के प्रतीक माहेश्वरी ( सुपुत्र प्रदेश कार्यकारिणी मंडल सदस्य संजय माहेश्वरी एवं श्रीमती वंदना माहेश्वरी ) का चयन हुआ है।

## मंगल भवन के लिए दान किए 11 हजार रुपए

**खिरकिया।** नगर में नार्मदीय ब्राह्मण समाज के मांगलिक भवन का विस्तार कार्य कराया जा रहा है। नगर में नर्मदा पुराण कथा का वाचन करने पधारे छिदगांव (टिमरनी) निवासी पं. रमाकांत जोशी ने पुराण समापन पर गुरुवार को मांगलिक भवन पहुंचे। विकास कार्य की प्रगति देख उन्होंने 11 हजार रुपए की राशि भेंट की। साथ ही भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया।

## तीन दिवसीय विशाल हिंदू सम्मेलन आज

**नवभारत न्यूज**

**माखन नगर** आज दिनांक 9 जनवरी से 11 जनवरी रविवार तक नगर मे विशाल विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है इसमें आज 9 जनवरी को प्रभात फेरी सुबह 8.00 बजे से एवं दोपहर 2.00 बजे से सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा दिनांक 10 जनवरी शनिवार को बाइक रैली निकाली जाएगी जो राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए बालाजी मंदिर पर समापन होगा दिनांक 11 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 12.00 बजे भव्य कलश यात्रा शैलपुत्री धाम शनिचरा बाजार से प्रारंभ होकर के प्रमुख मार्ग से होते हुए रामलीला मैदान पर समापन होगा 11 जनवरी को दोपहर 3-00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक समरसता भोज का आयोजन किया गया है धर्म प्रेमी बंधुओं से भाग लेने की अपील की है.

**अनुभूति** | **कार्यक्रम में छात्रों को मिली अनोखी सीख**

# टाइगर के निशानों से संरक्षण तक

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी।** मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड, भोपाल द्वारा संचालित अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत वन मंडल बनखेड़ी क्षेत्र में दो दिवसीय शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का प्रभावशाली आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बनखेड़ी के संदीपनी स्कूल, मॉडल स्कूल, शासकीय कन्या शाला स्कूल तथा शासकीय हाईस्कूल महुआखेड़ा के लगभग 240 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर प्रकृति, जंगल और वन्यजीवन के महत्व को निकट से जाना। डिप्टी रेंजर विष्णु प्रसाद पुजारी ने बताया कि महुआखेड़ा से झिरपन क्षेत्र तक अलग-अलग दो दिनों में विद्यार्थियों को जंगल भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को जंगल में पाए जाने वाले विविध पेड़-पौधों, औषधीय वनस्पतियों एवं वन्य जीवों की जानकारी दी गई। विशेष रूप से टाइगर के पंजों के निशान, खरोंच, विष्ठा तथा जंगल की पारिस्थितिकी से जुड़े तथ्यों ने विद्यार्थियों में विशेष जिज्ञासा और रोमांच पैदा किया। जंगल भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता, जैव विविधता संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। भ्रमण उपरांत विद्यार्थियों की सामान्य ज्ञान एवं पर्यावरण आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति, जंगल और वन्यजीवन के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा संरक्षण की भावना विकसित करना रहा। अनुभूति कार्यक्रम बच्चों के लिए न केवल एक शैक्षणिक भ्रमण रहा, बल्कि प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक अनुभव भी साबित हुआ।